प्रादेशिक समाचार
दिनांक–12.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – सरकार देश के किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध, जलवायु अनुकूल और अधिक उपज वाली 109 किस्मों के बीज जारी किए।
- शानदार समारोह के साथ पेरिस ओलंपिक का समापन, भारत एक रजत और पांच कांस्य पदक के साथ 71वें स्थान पर रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय दल के प्रयासों की सराहना की।
- झारखंड के सरकारी स्कूलों का हर महीने लागू होगा स्कोर कार्ड, शैक्षणिक गुणवत्ता को लेकर तीन श्रेणियों में होगा सर्टिफिकेशन।
- लातेहार की बलबल नदी में बहने से तीन लोगों की मौत, रांची में स्कूल हॉस्टल से भागे पांच छात्रों में एक छात्र जुमार नदी में डूबा, एनडीआरएफ की टीम कर रही तलाश।
- सावन की चौथी सोमवारी पर देवघर के बाबामंदिर समेत राज्य भर के शिवालयों में जलार्पण के लिए उमड़े भक्त, सुरक्षा के कड़े प्रबंध।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार देश के किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उन्होंने नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में, अधिक उपज देने वाली एक सौ नौ किस्मों के बीज जारी किए। उन्होंने कहा कि जलवायु अनुकूल और अधिक उपज देने वाली इस किस्मों से किसानों की आय बढ़ेगी। 61 फसलों की इन 109 किस्मों में 34 खेती की और 27 बागवानी की किस्में हैं। बाद में, केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इन फसलों के बीज जलवायु अनुकूल है और खराब मौसम में भी अधिक पैदावार दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि ये किस्में पोषक तत्वों से भरपूर है।

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि इनसे किसानों की आय बढेगी, पैदावार में इजाफा होगा और लागत घटेगी।

*********************

पेरिस ओलंपिक 2024 का भव्य समारोह के साथ समापन हो गया है। भारत 6 पदकों के साथ, पदक तालिका में 71वें स्थान पर रहा। भारतीय खिलाडियों ने एक रजत और पांच कांस्य पदक सहित कुल 6 पदक हासिल किये। अमरीका चालीस स्वर्ण सहित कुल 126 पदकों के साथ शीर्ष पर रहा। एक रिपोर्ट

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पेरिस ओलंपिक में सभी खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और हर भारतीय को उन पर गर्व है। एक सोशल मीडिया पोस्ट् में श्री मोदी ने कहा कि वे पेरिस ओलंपिक में पूरे भारतीय दल के प्रयासों की सराहना की।

*********************

राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों के शैक्षणिक स्तर में वृद्धि और विद्यालयों की व्यवस्था में सुधार के लिए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने स्कूलों के रिपोर्ट कार्ड को जारी करने का निर्णय लिया है। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बताया प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के अंतर्गत अब राज्य के सभी विद्यालय स्वतः मूल्यांकन कर अपना रिपोर्ट कार्ड भरेंगे। प्रथम चरण में राज्य के सभी 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों और 325 प्रखंडस्तरीय आदर्श विद्यालयों का स्कोर कार्ड जारी होगा।

दो हजार अंकों के स्कूल स्कोर कार्ड के आधार पर सरकारी विद्यालयों को गोल्ड, ब्रॉन्ज, सिल्वर तीन श्रेणियों में बांटा गया है। स्कूल स्कोर कार्ड में एक हजार आठ सौ या उससे अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यालयों को गोल्ड सर्टिफिकेट मिलेगा।

*********************

सरायकेला– खरसावां जिले में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा पूरे जिले में तिरंगा वितरण किया जा रहा है । विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*********************

राज्य में अलग–अलग घटनाओं में डूबने से 4 लोगों की मौत हो गई है। लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र की बलबल नदी में कल शाम पानी के तेज बहाव में बहने से तीन लोगों की मौत हो गई। नदी पार करने के दौरान उनके साथ लगभग 100 बकरियां भी बह गई। इधर रांची में स्कूल के हॉस्टल से रात को भागे पांच छात्रों में एक छात्र शनिवार रात जुमार नदी में बह गया। एनडीआरएफ की टीम डूबे छात्र की तलाश कर रही है।

*********************

सावन की चौथी सोमवारी पर देवघर के बाबामंदिर समेत राज्य भर के शिवालयों में जलार्पण के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। हमारे देवघर संवाददाता ने बताया कि सुबह मंदिर का पट खुलते ही जलार्पण शुरू हो गया। बाबा मंदिर के गर्भ गृह में लगे अर्घा के माध्यम से सुलभ और सुरक्षित जलार्पण कराया जा रहा है।

इधर रांची के पहाड़ी मंदिर में भी सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। जिसे देखते हुए सुरक्षा को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं।

अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से छपने वाले अखबारों ने पेरिस ओलिंपक का रंगारंग समापन और झारखंड में 25 आइएएस अफसरों के तबादले की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है – विप्रा भाल राज्यपाल की प्रधान सचिव, कुलकर्णी कृषि विभाग के प्रधान सचिव।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है – हिंडनबर्ग के सवालों पर संग्राम ।

प्रभात खबर ने लिखा है – देर रात हॉस्टल से भागकर पांच छात्र पहुंचे जुमार नदी, एक डूबा।

दैनिक जागरण की सुर्खी है–पेरिस ओलिंपिक की कसक को लास एंजिलिस में दूर करेंगे अपने एथलीट।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है– पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह का निधन।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने झारखंड में 25 आईएएस की तबादले की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है। वही टाइम्स ऑफ इंडिया ने लिखा है– प्रधानमंत्री ने जलवायु अनुकूल 109 किस्मों के बीज जारी किए।

*********************